तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 7 जुलाई 2026



12 भानपुरी में कोटवारों ने दिया धरना





13 अब बंदूक नहीं वाहनों की स्टेयरिंग संभाल रहे युवा











## खबर संक्षेप

### इंदिरा स्टेडियम में पसरी गंदगी कांग्रेस ने ननि को घेरा

**जगदलपुर।** स्थानीय इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में फैली अव्यवस्था, गंदगी और असुरक्षा को लेकर बस्तर जिला कांग्रेस व्यापारी प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष राजेंद्र पटवा ने नगर निगम और सरकार पर आरोप लगाया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि स्टेडियम कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खिलाड़ियों की पहली पसंद और शहर की शान हुआ करता था। वह आज लापरवाही के कारण बदहाल है। उन्होंने स्टेडियम की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते कहा कि निगम प्रशासन की उदासीनता बताया। रखरखाव के अभाव में खेल मैदान और दर्शकों के बैठने की जगहें जर्जर हो रही हैं। यह स्थिति भाजपा के स्वच्छ भारत मिशन के दावों की जमीनी पोल खोल रही है। शाम ढलते ही स्टेडियम परिसर असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का ठिकाना बन जाता है। परिसर में बिखरी शराब की बोतलें और कचरा इस बात का प्रमाण हैं कि यहां सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। खेल की भावना को बढ़ावा देने वाला यह पवित्र स्थान अब असामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों, विशेषकर महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। सुबह और शाम की सैर के लिए आने वाले वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और नियमित अभ्यास करने वाले युवा खिलाड़ियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



### किसानों को लूटने बेचा जा रहा मिट्टी से बना डीएपी : मौर्य

# नकली खाद-बीज को लेकर कांग्रेस ने ढोल-नगाड़े बजाकर किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेसियों ने सरकार के संरक्षण में बिक रहे नकली डीएपी, खाद, बीज के खिलाफ, किसानों के हितों की रक्षा व दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कृषि विभाग कार्यालय के समक्ष ढोल नगाड़ा बजाकर अनोखा विरोध प्रदर्शन किया।

■ कृषि विभाग कार्यालय के सामने घेराव कर लगाए नारे

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा भारत डीएपी के नाम पर जो पोटाश और खाद बस्तर के बाजारों में खपाया जा रहा है, वह पूरी तरह से अमानक निकला है। किसानों के अनुसार खाद सिर्फ मिट्टी और कंकड़ का मिश्रण है। बस्तर के भोले-भाले किसानों के साथ ऐसा मजाक कांग्रेस पार्टी कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नकली डीएपी और बीज की सप्लाई करने वाली कंपनियों और इन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारियों पर आपराधिक मामला एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई हो। जिन किसानों की फसलें इस नकली खाद-बीज के कारण प्रभावित हुई हैं, उन्हें सरकार तुरंत उचित मुआवजा दे। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इस नकली खाद-बीज के काले कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं लगाया गया और दोषियों को जेल नहीं भेजा गया तो उग्र आंदोलन और चक्काजाम करने को बाध्य होगी। इस दौरान ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,पूर्व सभापति कविता साहू, कोमल सेना,विक्रम सिंह डांगी, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी,लता निषाद/चंपा ठाकुर,महामंत्री अभिषेक नायडू,सुभाष गुलाटी,विजय सिंह, जाहिद हुसैन, अल्ताफ उल्ला खान, अनुराग महतो,नीतीश शर्मा,सुषमा सुता,युकां अध्यक्ष निकेत राज झा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम कश्यप, प्रवक्ता जावेद खान, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, सूर्यापानी, संतोष सेठिया, फूलसिंह बघेल, नीलुराम, ललिता राव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।



### प्रदेश सरकार किसानों की कर रही उपेक्षा

विधानसभा के उपनेता लखेश्वर बघेल ने कहा प्रदेश सरकार किसानों की लगातार उपेक्षा कर रही है। खरीफ सीजन के सबसे महत्वपूर्ण समय में किसान खाद और बीज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। किसान सुबह से देर शाम तक सहकारी समितियों और खाद केंद्रों के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहते हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है मिट्टी से बना नकली डीएपी थमाया जा रहा है।

# तिलक लगाकर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दरभा में ग्राम नेगानार में विकासखण्ड स्तरीय शिक्षा के नए सत्र का आगाज बेहद उत्साहजनक और भव्य माहौल में हुआ । आयोजित 'शाला प्रवेश उत्सव' में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव मुख्य अतिथि के रूप में एवं चित्रकूट विधायक विनायक गोयल शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने नव प रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया।

■ दरभा में हर्षोल्लास के साथ मना शाला प्रवेशोत्सव

नेता द्वय ने कहा कि शिक्षा ही किसी भी उन्नत समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की पहली सीढ़ी है। शिक्षा का अपने जीवन में विशेष महत्व होता है। हमारी सरकार हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने और शिक्षण संस्थाओं को आधुनिक संसाधनों से लैस करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने पालकों से अपील किया कि वे अपनी बेटियों और बेटों को बिना किसी भेदभाव के नियमित स्कूल भेजें, क्योंकि आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा का स्तर तेजी से सुधर रहा है और सुदूर अंचलों के बच्चे भी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में डिजिटल शिक्षा समय की मांग है, और सरकार बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।



**ये रहे मौजूद :** इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, जिला पंचायत सदस्य संपति नाग, एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बधेल, सीईओ वीरेंद्र बहादुर,बीईओ जगदीश पात्र एवं शिक्षक शिक्षकायें व बड़ी संख्या में विधार्थिगण उपस्थित थे।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख की आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्राकृतिक आपदा पीड़ित एक परिवार के लिए चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत बास्तानार तहसील के ग्राम कुम्हार साडरा निवासी 68 वर्षीय छूटी यादव की नाले के पानी में डूबने के कारण असामयिक मृत्यु हो गई थी। स्वीकृत अनुदान सहायता राशि मृतक की धर्मपत्नी ⏭ शेष पेज 12 पर

# बारसूर में 15 दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम

नगर पंचायत बारसूर के साप्ताहिक बाजार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान आम नागरिकों, दुकानदारों एवं व्यापारियों को ठोस अपशिष्ट के स्रोत पर पृथक्करण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

■ सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान

इस अभियान के तहत जानकारी देते हुए घर-घर एवं बाजार क्षेत्र में लोगों को गीले, सूखे, सैनिटरी तथा विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट को अलग-अलग डस्टबीन में संग्रहित कर स्वच्छता दीदियों को सौंपने के लिए प्रेरित किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें तथा इसके स्थान पर कपड़े, कागज एवं जूट से बने पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करें।

### नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने की पहल

*नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, वार्ड नोडल, स्वच्छता दीदियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई तथा नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं प्लास्टिक मुक्त बारसूर के निर्माण में सहयोग की अपील की।*

मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं आपूर्ति पर पूर्ण प्रतिबंध है। अभियान के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते पाए जाने पर 15 दुकानदारों एवं व्यापारियों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 1500 रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा 2.2 किलोग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। संबंधित व्यापारियों को भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग, निर्माण, परिवहन एवं आपूर्ति नहीं करने की समझाइश भी दी गई।






> कई छात्र यहां से पढ़कर बन चुके हैं अधिकारी जनप्रतिनिधि व जिम्मेदार नागरिक

# ऐतिहासिक धरोहर बना उपेक्षा का शिकार उखड़े फर्श, पानी के बीच गढ़ रहे भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर





जिस छात्रावास ने बीजापुर को अनेक अधिकारी, जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार नागरिक दिए, आज वही बदहाली की तस्वीर बयां कर रही है। जिला मुख्यालय स्थित आदर्श अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास केवल एक छात्रावास नहीं, बल्कि बीजापुर की ऐतिहासिक धरोहर और गौरवशाली विरासत है। इस छात्रावास से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थी प्रशासनिक सेवाओं, शिक्षा, राजनीति तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उच्च पदों तक पहुंचे हैं। वर्षों से यह परिसर आदिवासी समाज के हजारों विद्यार्थियों के सपनों को नई दिशा और नई उड़ान देता आया है। समय के साथ यहां से निकले विद्यार्थियों ने नई ऊंचाइयों को छुआ, ⏭ शेष पेज 12 पर

■ जर्जर छात्रावास में भविष्य गढ़ने को मजबूर आदिवासी छात्र

### अंदरूनी क्षेत्रों में हालात और भी खराब

सबसे अहम सवाल यह है कि जब जिला मुख्यालय में स्थित इतने महत्वपूर्ण छात्रावास की यह स्थिति है, तो दूरस्थ और अंदरूनी क्षेत्रों के छात्रावासों की दशा कैसी होगी, यह प्रश्न केवल एक भवन की स्थिति तक सीमित नहीं है, बल्कि आदिवासी विद्यार्थियों के भविष्य और उनके लिए उपलब्ध शैक्षणिक वातावरण से भी जुड़ा हुआ है।

### जिला प्रशासन से सुधारात्मक पहल की अपेक्षा

प्रदेश सरकार द्वारा आदिवासी शिक्षा और जनजातीय विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। ऐसे में अपेक्षा है कि जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग इस ऐतिहासिक छात्रावास का तकनीकी निरीक्षण कर आवश्यक जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में शीघ्र पहल करें ताकि यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ और बेहतर वातावरण उपलब्ध हो सके।






### वर्षाकाल में आशियाने उजाड़ने पर भड़की कांग्रेस



**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर भानपुरी के मैन चौराहा पर पूर्व विधायक चन्दन कश्यप एंव ब्लॉक अध्यक्ष धनुर्जय नेताम के नेतृत्व में आज सरकार द्वारा ग्राम नकटी के 85 परिवारों के आशियानों को उजाड़े जाने के विरोध में प्रदर्शन कर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा वर्षाकाल में 85 गरीब परिवारों के घरों को तोड़ना और उन्हें सिर छुपाने की जगह से महरूम कर बेघर कर देना सरकार की अमानवीय कार्य है। ब्लॉक अध्यक्ष ⏭ शेष पेज 12 पर




## खबर संक्षेप

### मूल्यांकन में खरा उतरा पीएचसी चेरपाल



**बीजापुर।** विकासखंड बीजापुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेरपाल ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत आयोजित बाह्य मूल्यांकन को सफलतापूर्वक पूरा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने स्वास्थ्य केंद्र का विस्तृत निरीक्षण कर विभिन्न गुणवत्ता मानकों का मूल्यांकन किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन तथा खंड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में संपन्न इस मूल्यांकन के दौरान सामान्य प्रशासन, ओपीडी, आईपीडी, प्रयोगशाला, लेबर रूम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम, संक्रमण नियंत्रण, दवा प्रबंधन, स्वच्छता, मरीजों को उपलब्ध सुविधाएं एवं अभिलेख संधारण सहित विभिन्न पहलुओं का गहन परीक्षण किया गया। मूल्यांकन प्रक्रिया में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला जनस्वास्थ्य नर्सिंग अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक बीपीएम, बीडीएम, बीएएम, एसटीएस, एमटीएस, आरबीएसके टीम, चिकित्सा अधिकारी, पीएचसी प्रभारी, सेक्टर सुपरवाइजर, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आरएचओ (पुरुष एवं महिला), स्टाफ नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, मितानिन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

## निधन

### आकाश श्रीवास्तव



**जगदलपुर।** आकाश बोरवेल्स के संचालक आकाश श्रीवास्तव का लंबी बीमारी से उपचार के दौरान आज एक निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे कन्या विद्यालय बकावंड में प्राचार्य रहे स्व. मुन्नालाल श्रीवास्तव व सदर स्कूल जगदलपुर की सेवानिवृत व्याख्याता संध्या श्रीवास्तव के जयेष्ठ पुत्र व डॉ. प्रकृति श्रीवास्तव के छोटे एवं अम्बर श्रीवास्तव के बड़े भाई थे। उनका अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे निवास हाउसिंग बोर्ड कालोनी धरमपुरा से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

# कृषि योजना के तहत दंतेवाड़ा में जैविक खेती को गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ खेतों में पहुंचकर किसानों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती का दिया जा रहा प्रशिक्षण



कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत जिला प्रशासन, कृषि विभाग एवं भूमगादी कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) के संयुक्त प्रयासों से जिले में जैविक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए व्यापक अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि विभाग की टीम किसानों के खेतों तक पहुंचकर परंपरागत सुगंधित जैविक धान की किस्मोंकुलोकतीमांची, जवा फूल, जीरा फूल, नीम फूल एवं सुगंधाकृकी उन्नत खेती तथा प्राकृतिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दे रही है।

जिले में कृषि उत्पादकता बढ़ाने और टिकाऊ कृषि व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से इस वर्ष पहली बार रोपा, कतार रोपा तथा श्री विधि के माध्यम से 6 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की खेती का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इनमें 1,500 हेक्टेयर क्षेत्र में विशेष रूप से श्री विधि अपनाई जा रही है, जिससे कम पानी, कम बीज और अधिक जैविक पोषक तत्वों के उपयोग से अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। यह तकनीक जल संरक्षण के साथ खेती की लागत कम करने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। श्री विधि धान उत्पादन की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जिसमें 12 से 15 दिन के स्वस्थ पौधों का कतारों में एक-एक पौधे के रूप में रोपण किया जाता है। इससे प्रत्येक पौधे को पर्याप्त पोषण एवं प्रकाश मिलता है। साथ ही नियमित निराई-गुड़ाई, नियंत्रित सिंचाई तथा जीवामृत, गोमूत्र, वर्मी कम्पोस्ट जैसे जैविक पोषक तत्वों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है और बेहतर उत्पादन प्राप्त होता है।

इस अभियान के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड दंतेवाड़ा के ग्राम चंदेनार में उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरएस नेताम, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परीक्षित मंडावी, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किशन नेताम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, जैविक क्लस्टर समन्वयक, जैविक कार्यकर्ता, कृषक मित्र एवं प्रगतिशील किसानों की उपस्थिति में खेतों में कतार रोपा का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हुए इन्हें अपनाने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत जिले के सभी मैदानी कृषि अधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से किसानों के बीच पहुंचकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। भूमगादी कृषक उत्पादक संगठन के जैविक कार्यकर्ताओं द्वारा खेतों में प्रायोगिक प्रदर्शन के माध्यम से श्री विधि एवं कतार रोपा पद्धति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को जीवामृत, हांडी खाद, नीम आधारित जैविक कीटनाशी, वर्मी कम्पोस्ट सहित विभिन्न प्राकृतिक कृषि आदानों के उपयोग की विस्तृत जानकारी भी दी जा रही है।

इस अभियान का उद्देश्य कृषि उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि, जैविक उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है। जिला प्रशासन को विश्वास है कि यह पहल दंतेवाड़ा को जैविक एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के साथ जिले को देश के अग्रणी जैविक कृषि मॉडल जिलों में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।

## पुर्नवासितों को आत्मनिर्भर बना रहा प्रशासन

# अब बंदूक नहीं वाहनों की स्टेयरिंग संभाल रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

■ आरसेटी में 31 युवाओं को ड्राइविंग प्रशिक्षण





कभी नक्सल हिंसा की छाया में जीवन गुजारने वाले युवाओं की जिंदगी अब नई दिशा पकड़ रही है। पुनर्वास केंद्रों से निकलकर ये युवा अब आत्मनिर्भर बनने की राह पर हैं। जिला प्रशासन की पहल पर ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में 31 पुनर्वासित युवाओं को ड्राइविंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के साथ ही सभी का एलएमवी (लाइट मोटर व्हीकल) लाइसेंस भी बनवाया जा रहा है, ताकि प्रशिक्षण पूरा होते ही वे रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ सकें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और कलेक्टर अमित कुमार के मार्गदर्शन में 13 जून से 12 जुलाई तक चल रहे इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को सिर्फ वाहन चलाना ही नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा, यातायात नियम, रोड साइन, वाहन की बेसिक मरम्मत और सुरक्षित ड्राइविंग के व्यावहारिक गुर भी सिखाए जा रहे हैं। उद्देश्य केवल लाइसेंस दिलाना नहीं, बल्कि युवाओं को ऐसा कौशल देना है जिससे वे सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकें।

### बदलाव की नई तस्वीर गढ़ रहा है सुकमा

आरसेटी की प्रशिक्षण टीम युवाओं को पूरी लगन से तैयार कर रही है। एलडीएम मनीष कुमार खुसरो, फैकल्टी खुशाल चंद्र केशरवानी, नागराज मधुसूदन और मास्टर ट्रेनर दिलीप साहू उन्हें तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहे हैं। नक्सल प्रभावित सुकमा में यह पहल केवल ड्राइविंग प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बदलाव की उस नई तस्वीर का प्रतीक है, जहां भय की जगह भरोसा, हिंसा की जगह हुनर और बंदूक की जगह स्टेयरिंग ने ले ली है। यह पहल पुनर्वासित युवाओं के लिए सम्मानजनक जीवन और जिले के लिए स्थायी शांति व विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

### युवाओं में बढ़ेगा आत्मविश्वास : कलेक्टर

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि पुनर्वासित युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। कौशल विकास के साथ ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर देने का प्रयास किया जा रहा है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे सम्मानपूर्वक जीवनयापन कर सकेंगे।

### रोजगार का नया दरवाजा खोल रहा

प्रशिक्षण ले रही सोड़ी सोमड़ी कहती हैं कि पहले कभी नहीं सोचा था कि एक दिन गाड़ी चलाना सीखेंगी। अब उन्हें भरोसा है कि यह हुनर उनके जीवन को नई दिशा देगा। वहीं पुनेम ज्योति का कहना है कि ड्राइविंग सीखने के बाद वे अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार की जिम्मेदारी निभाना चाहती हैं। उनके मुताबिक यह प्रशिक्षण उनके लिए रोजगार का नया दरवाजा खोल रहा है।

### कोया समाज की संस्कृति को मिली राष्ट्रीय पहचान



**गीदम।** बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति को राष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाने में दंतेवाड़ा के आदिवासी युवा नेतृत्वकर्ता नन्दू होड़ी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गुमड़ा निवासी नन्दू का चयन टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा आयोजित आठवें जनजातीय नेतृत्व प्रोग्राम-2026 के लिए हुआ। यह कार्यक्रम 21 से 28 जून तक कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित द स्कूल ऑफ एंशियंट विजडम में आयोजित किया गया। इसमें देशभर के 25 राज्यों की 54 से अधिक जनजातियों के 100 युवा-युवती प्रतिनिधियों ने भाग लिया। नन्दू होड़ी ने इस मंच पर छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के प्रसिद्ध कोया समाज की संस्कृति और परंपराओं का प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया। नन्दू ने कार्यक्रम में बस्तर की जीवनशैली, पूर्वजों से चली आ रही पारंपरिक व्यवस्था और वास्तविक जीवन को साझा किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक जैव विविधता के प्रति जागरूकता पर विशेष जोर दिया। साथ ही आदिवासी कोया समाज की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं में सामाजिक नेतृत्व क्षमता विकसित करना और विभिन्न जनजातियों की चुनौतियों को समझना था। नन्दू का चयन उनके सामाजिक कार्यों, जमीन स्तर पर मुद्दों पर सक्रियता और कोया समाज की संस्कृति के संरक्षण में योगदान के आधार पर किया गया।

# रीपा सेंटर का 9 राज्यों के बैंक अध्यक्ष और अधिकारियों ने किया निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

■ महिला समूह का मॉडल अन्य राज्यों में लागू करने पर बल

बस्तर विकासखंड के सोनारपाल स्थित रीपा सेंटर का निरीक्षण करने आज 9 राज्यों के क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक पहुंचे। निरीक्षण दल में तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मणिपुर, गुजरात, उत्तराखंड, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकारी शामिल थे।

छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक द्वारा सोनारपाल शाखा से महिला समूह को ऋण उपलब्ध कराया गया है। क्लस्टर इंद्रावती महिला संगठन चमिया समूह के अंतर्गत जय बालाजी महिला स्व-सहायता समूह, देवड़ा द्वारा खाद्य प्रसंस्करण केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान समूह की महिलाओं ने दल को मशीन के संचालन और सामग्री डालने की प्रक्रिया के बारे में बारीकी से जानकारी दी। अधिकारियों ने रेडी-टू-ईट निर्माण समूह के कार्य का अवलोकन कर महिला सशक्तिकरण के कार्यों की सराहना की। महिलाओं द्वारा मशीन से उत्पादन कार्य किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। अधिकारियों ने कहा कि अन्य राज्यों में भी इसी तरह की यूनिट स्थापित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। महिला समूह की सदस्यों ने बताया कि बस्तर ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्रों में रेडी-टू-ईट का वितरण किया जाता है, साथ ही तोकापाल ब्लॉक में भी सामग्री भेजी जाती है।

इस अवसर पर एसआरएलएम के सहयोग से आरआरबीएस के चेयरमैन एवं जगदलपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा भी इकाई का निरीक्षण किया गया। झारखण्ड ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बेरियार और महाप्रबंधक राजकुमार गुप्ता ने केंद्र की स्वच्छता एवं अनुशासन की प्रशंसा करते हुए समूह को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक मोहित सिंघल, सीनियर मैनेजर व्यवसाय नंदलाल यादव, शाखा प्रबंधक विजेंद्र सदाफल एवं बिहान महिला समूह के सदस्य मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति नीति से जोड़ने बनी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

■ भाजयुमो शक्ति केंद्र समलूर की बैठक में विचार विमर्श



भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को वैचारिक एवं संगठनात्मक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के अंतर्गत डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान लगातार चलाया जा रहा है।

डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिला अध्यक्ष दंतेवाड़ा संतोष गुप्ता के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा गीदम मंडल द्वारा शक्ति केंद्र समलूर, बूथ क्रमांक-40, गणेश मंडप जिया पारा में भारी वर्षा के बीच भी उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि यह प्लेटफॉर्म संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता को मोबाइल के माध्यम से कहीं भी और कभी भी प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है। इसमें संगठन का इतिहास, भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद, संगठनात्मक कार्यपद्धति, सुशासन, सेवा, राष्ट्रवाद तथा कार्यकर्ता के व्यक्तित्व विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गई है। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया गया कि वे डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म पर स्वयं प्रशिक्षण पूर्ण करें तथा अपने-अपने बूथों पर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को इससे जोड़ते हुए प्रशिक्षण अभियान को सफल बनाएं। साथ ही संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, सदस्य संपर्क एवं युवा मोर्चा की कार्ययोजना को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राहुल असरानी, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, जिला मंत्री वेणु शंकर, मंडल अध्यक्ष अनीश अनिल, मंडल महामंत्री द्वय सुनील क्षत्रिय, राहुल सोनवानी, मंडल उपाध्यक्ष यशवंत शर्मा,मंडल मंत्री कमलेश ठाकुर, मंडल कार्यसमिति सदस्य कौशल यादव, शक्तिकेंद्र प्रभारी युवा मोर्चा शम्भूनाथ ठाकुर, सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रम में एक पेड़ मां के नाम लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम ब्लॉक स्थित वृद्धाश्रम हारम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सामूहिक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण करना नहीं, बल्कि माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण में योगदान देना है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों ने वृद्धाश्रम परिसर में पौधे लगाकर इसे हरित बनाने का संकल्प दोहराया।

इस अवसर पर गीदम विधायक चैतराम अटामी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ वृद्धाश्रम के संचालक डीआर बघेल, गायत्री परिवार के सदस्य, भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सुराना, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुधराम भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष शकुंतला भास्कर, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश कौशल एवं ग्राम पंचायत की सरपंच प्रमिला सुराना शामिल हुए। कार्यक्रम में भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की दीदियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए।

### मां और पर्यावरण दोनों का संरक्षण जरूरी

विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान माँ के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। जिस प्रकार माँ हमें जीवन देती है, उसी प्रकार पेड़-पौधे हमें जीवनदायी ऑक्सीजन और स्वच्छ पर्यावरण देते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ माँ के नाम अभियान पूरे देश में जनजागरूकता का माध्यम बना है। गीदम में भी इसे जनआंदोलन के रूप में चलाया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202606161700015 / ब-121/ 2025-26

साकिन :- तुमरीगुण्डा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती/ कुमारी शिव शंकर पति/पिता बुधराम ग्राम तुमरीगुण्डा तहसील बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन सहित शपथ प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) नगर पंचायत/ ग्राम पंचायत तुमरीगुण्डा द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये है कि आवेदक/आवेदिका के माता मुन्नी पिता/पति बुधराम का मृत्यु दिनांक 03.04.2010 को ग्राम तुमरीगुण्डा में हुआ है। आवेदक/आवेदिका अपने माता मुन्नी पिता/पति बुधराम निवासी तुमरीगुण्डा के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहते है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो, ईश्तहार जारी दिनांक से 07/07/2026 दिवस के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक/ प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। दावा/आपत्ति करने निर्धारित समयावधि की समाप्ति पश्चात किसी प्रकार के दावों तथा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/06/2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बारसूर

**न्यायालय तहसीलदार बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. 202606161700016 / ब-121/ 2025-26

साकिन :- तुमरीगुण्डा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/श्रीमती/ कुमारी शिव शंकर पति/पिता बुधराम ग्राम तुमरीगुण्डा तहसील बारसूर जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के द्वारा इस न्यायालय में आवेदन सहित शपथ प्रमाण पत्र एवं रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) नगर पंचायत/ ग्राम पंचायत तुमरीगुण्डा द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये है कि आवेदक/ आवेदिका के पिता बुधराम पिता/पति हिरमा का मृत्यु दिनांक 10.05.2012 को ग्राम तुमरीगुण्डा में हुआ है। आवेदक/आवेदिका अपने पिता बुधराम पिता/पति हिरमा निवासी तुमरीगुण्डा के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना चाहते है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो, ईश्तहार जारी दिनांक से 07/07/2026 दिवस के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक/ प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। दावा/आपत्ति करने निर्धारित समयावधि की समाप्ति पश्चात किसी प्रकार के दावों तथा आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22/06/2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार बारसूर

**शपथ पत्र**

मैं राजेन्द्र सिंह कुशवाह पिता स्व. जगमोहन सिंह कुशवाह जाति क्षत्रिय निवासी 346/ई ओल्ड फारेस्ट कालोनी संतोषी वार्ड क्र. 27 जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं।

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं व मेरा आधार कार्ड नं. 7230 4384 8953 है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज दर्शित नाम आर. एस. कुशवाह/ R.S. KUSHWAH जो कि अपूर्ण व अधूरा नाम है।
3. यह कि पेन कार्ड क्रमांक ANEPK5019L व सर्विस कार्ड में दर्ज दर्शित पूरा नाम राजेन्द्र सिंह कुशवाह /RAJENDRA SINGH KUSHWAH जो पूर्ण व सहीं है।
4. यह कि आधार कार्ड में पेन / सर्विस कार्ड अनुसार पूरा नाम राजेन्द्र सिंह कुशवाह / RAJENDRA SINGH KUSHWAH दर्ज करवाना है।
5. यह कि उक्त शपथ पत्र आधार कार्ड में नाम परिवर्तन / सुधार हेतु प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**न्यायालय तहसीलदार तोकापाल जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. / क / तह. / 2025-26
तोकापाल दिनांक 03/07/2026

**- उद्घोषणा -**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुकमन बघेल पिता लैखन बघेल जाति धुरवा निवासी ग्राम बारूपाटा तहसील तोकापाल जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा मेरे द्वारा न्यायालय में मृत्यु पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसमें आवेदक अपने भाभी बुदाय पति मोसू की मृत्यु तिथि 25/12/2019 दर्शाया गया है। ग्राम पंचायत बारूपाटा के अंतर्गत है यह उद्घोषणा ग्राम पंचायत के सूचना पटल में देखा जा सकता है। अर्थात, उपरोक्त आवेदन पत्र के तारतम्य में मृत्यु तिथि के सबंध में किसी व्यक्ति/ ग्रामवासी/पंचायत को किसी भी तरह कोई आपत्ति है तो यह न्यायालय कि पेशी तिथि 17/07/2026 को स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। पेशी पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
पेशी दिनांक 17/07/2026

मुहर — तहसीलदार तोकापाल

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ईसाई पंथ में शामिल सात सदस्यों ने अपनाया सनातन धर्म, हुई घर वापसी

## सात माह बाद कुलगांव निवासी एक ही परिवार के सात सदस्य लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नानगुर क्षेत्र के कुलगांव निवासी एक ही परिवार के सात सदस्य सात माह पूर्व ईसाई पंथ में शामिल हो गए थे। सभी ने स्वेच्छा से रविवार को घर वापसी करते हुए सनातन धर्म में वापसी की इच्छा व्यक्त की जिसके बाद धार्मिक रीति रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार सभी को सनातन धर्म में शामिल कर लिया गया। सात माह में ही परिवार का मोहभंग हो गया और उन्होनें सनातन धर्म में वापसी कर ली।

समाज के अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप ने बताया की यह परिवार लगभग सात माह पूर्व ईसाई पंथ में मतांतरित हुआ था। धार्मिक रीति रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार आयोजित कार्यक्रम में सभी सातों सदस्यों ने पुनः सनातन धर्म को अपनाने का संकल्प लिया। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्राम प्रमुखों एवं समाज के लोगों ने परिवार का स्वागत किया। धनुर्जय कश्यप ने ईसाई पंथ में शामिल महारा समाज के उन परिवारों से भी आग्रह करते हुए कहा कि आप पुनः अपने सनातन धर्म की ओर लौटे समाज आपका ससम्मान स्वागत करने तैयार है। कचरा पाठी परगना महारा समाज के संरक्षक प्रेम चालकी ने कहा हम किसी भी व्यक्ति के धर्म या आस्था का अनादर नहीं करते। जो लोग अपनी स्वेच्छा और बिना किसी दबाव के अपनी पूर्वजों की परंपरा एवं सनातन धर्म में वापस लौटने का निर्णय लेते हैं उनका समाज सम्मानपूर्वक स्वागत करता है।




### इन्होंने की वापसी

ईसाई पंथ छोड़कर पुनः सनातन धर्म को स्वीकार करते हुए घर वापसी करने वालों में झिटकू राम कश्यप, रामबती कश्यप, आयती कश्यप, जगरनाथ कश्यप, उर्मिला कश्यप, भारती कश्यप एवं आशीष कश्यप शामिल हैं। धार्मिक रीति रिवाजों एवं वैदिक परंपराओं के अनुसार घर वापसी कार्यक्रम के दौरान कचरा पाठी परगना महारा समाज के संरक्षक प्रेम चालकी, अध्यक्ष धनुर्जय कश्यप, सम्पत कश्यप, सोमारु कुमार, लूदर बघेल, जीवनदास पाइक, सचिव प्रकाश नागेश, सुरेंद्र सोनी, सदानंद कश्यप, डमरू, गोजुराम, नारायण, भुरलु राम, रमेश कश्यप, भागीरथी,सदा तथा मोतीराम सहित समाज के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**जगदलपुर।** शहर के चंदैया मेमोरियल मेथाडिस्ट चर्च में रविवार को ले एक्टिविटी कमेटी द्वारा प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सत्र 2025-26 में दसवीं बारहवीं एवं कॉलेज स्तर पर 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिसमें अनुराग नाग, साइरस सिल्वरस्टीन नाग, कुमारी रितिका शाह, कुमारी शाईनी रिचा सामंत और कुमारी अंशिका पॉल को फूल माला और प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में पास्टर इंचार्ज रेव्ह. ललित मोहन लाल, अशोक शाह, विमला सुता, अनिमेष दास द्वारा पुरस्कार दिया गया। ले एक्टिविटी कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र शाह ने बताया कि प्रतिवर्ष अब बच्चों को प्रोत्साहन राशि एवं सम्मान किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में कलीसिया के बच्चों में उत्साह बना रहे। इस पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता शैलेंद्र शाह के नेतृत्व में किया गया। अंत में पास्टर इंचार्ज ललित द्वारा आशीष वचन देकर कार्यक्रम समाप्त किया गया।

### इलाज में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी : बसाक



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी. मैत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानगुर, तोकापाल एवं दरभा का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन को बेहतर और समयबद्ध इलाज देना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पतालों के ओपीडी, आईपीडी और पोषण पुनर्वास केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर अस्पताल में मिल रहे उपचार व उपलब्ध सुविधाओं का फीडबैक लिया। आयुष्मान आरोग्य मंदिर तीरथगढ़ एवं आंगनबाड़ी केंद्र छिंदावाड़ा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और पोषण गतिविधियों की हकीकत परखी।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए आवेदन शुरू

**जगदलपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जगदलपुर (शहरी) के अन्तर्गत ठाकुर अनुकूलदेव वार्ड में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक और योग्य महिला उम्मीदवार 20 जुलाई को रात्रि 12 बजे तक आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में सीधे कार्यालय में या पंजीकृत डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को जयंती पर किया याद

# मुखर्जी का जीवन सभी के लिये प्रेरणास्रोत : देव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी ने आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्मजयंती पर उन्हें याद किया। जिले के सभी तेरह मण्डलों में स्मरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया और कार्यकर्ताओं ने डॉ. मुखर्जी को भावपूर्ण श्रंध्दाजंलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया कार्यक्रमों में शामिल हुये व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन कर श्रध्दासुमन अर्पित किये।

- सभी तेरह मण्डलों में स्मरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन कार्यकर्ताओं ने अर्पित की श्रद्धांजलि

पूर्वी नगर मण्डल द्वारा स्थानीय भोजपुरी समाज भवन में एवं पश्चिमी नगर मण्डल द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में स्मरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां किरण देव ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद्, दूरदर्शी चिंतक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। जिन्होंने राष्ट्र की एकता, अखण्डता व सांस्कृतिक अस्मिता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। ऐसे महामानव हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत हैं, सभी कार्यकर्ता उनके विचारों को आत्मसात कर निरंतर कार्य करते हुये आगे बढ़ें।

प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए अपने सिध्दांतो एवं संकल्पों से भारत की लोकतांत्रिक एवं राष्ट्रीय चेतना को नई दिशा प्रदान की। उनका त्याग, साहस, राष्ट्र भक्ति और एक देश, एक विधान, एक निशान का संकल्प आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने भी अपने उदबोधन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के त्याग, बलिदान व विचारों को याद किया। जिला उपाध्यक्ष आर्येंद्र सिंह आर्य, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, पश्चिमी नगर मण्डल अध्यक्ष प्रकाश झा ने भी संबोधन दिया।

कार्यक्रम का संचालन दिगंबर राव, संजय चंद्राकर एवं आभार प्रदर्शन मीना साहू, अतुल सिम्हा ने किया। स्मरण दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महापौर संजय पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, सफीरा साहू, रंजीत पाण्डेय, रोहित त्रिवेदी आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।


### सिटी ग्राउंड का नाम होगा, 'डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिटी ग्राउंड'



**जगदलपुर।** नगर निगम कार्यालय में आयोजित मेयर-इन-काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक में शहर के विकास, नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिला फुटबॉल संघ ने महापौर को पत्र लिखकर सिटी ग्राउंड के नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के नाम किए जाने की माँग पर चर्चा उपरांत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर नगर निगम महापौर परिषद ने नगर के सिटी ग्राउंड का नाम बदलकर "डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिटी ग्राउंड" करने का सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित किया। महापौर संजय पाण्डेय ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नगर के प्रमुख खेल मैदान का उनके नाम पर नामकरण करना उनके राष्ट्र के प्रति अतुलनीय योगदान को सच्ची श्रद्धांजलि है यह निर्णय आने वाली पीढ़ियों को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा घोष एवं सचिव दिलीप दास का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी सिटी ग्राउंड का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के नाम पर किए जाने की सार्थक एवं राष्ट्रहित में पहल की थी। वहीं, प्रदेश के जिला एवं संभागीय मुख्यालयों में महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित किए जाने के राज्य शासन के निर्णय का स्वागत करते हुए समस्त एमआईसी सदस्यों एवं पार्षदों ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त एवं धन्यवाद किया।

# आसना एनएच से लगे दशकों पुराने कृष्ण मंदिर में चोरों का धावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से लगे आसना पंचायत स्थित सात दशक पुराने कृष्ण मंदिर में रखे दानपात्र को अज्ञात चोरो ने पार कर दिया। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मंदिर से कुछ दूरी पर दानपेटी में चिल्हर छोड़कर फेंक दिया था जिसे बरामद किया गया है। वहीं घटना से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है।

- दानपेटी में चिल्हर छोड़कर नकदी ले उड़े चोर, दानपात्र को मंदिर से दूर फेंका

जानकारी के मुताबिक आसना स्थित लगभग 75 वर्ष पुराने श्रीकृष्ण मंदिर में चोरी की घटना से श्रद्धालुओ में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि शनिवार को अज्ञात चोरों ने मंदिर के गर्भगृह में रखे दानपात्र को निशाना बनाते हुए उसमें रखा लगभग 20-25 हजार रूपए चोरी कर ली। घटना को अंजाम देने के बाद दानपात्र में चिल्हर छोड़कर मंदिर से कुछ दूर बकावण्ड मार्ग में फेंक दिया गया था।

श्रद्धालुओं ने बताया कि श्रीकृष्ण मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं बल्कि पूरे गांव की आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रमुख केंद्र है। कुछ वर्ष पूर्व गांव के युवाओं एवं ग्रामीणों ने जनसहयोग और श्रमदान से इस ऐतिहासिक मंदिर का जीर्णोद्धार कराया था। मंदिर के विकास में ग्रामीणों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार आर्थिक सहयोग दिया था जबकि शासन स्तर से अपेक्षित सहायता नहीं मिल सकी।

मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि नेशनल हाईवे किनारे स्थित होने के बावजूद मंदिर में आज तक चारदीवारी, सुरक्षा व्यवस्था, शेड और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। इस संबंध में कई बार शासन-प्रशासन से मांग की गई लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि मंदिर परिसर में वर्ष भर धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी की जाती रही है। हाल ही में मंदिर में कराए गए मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को भी असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाने की शिकायत सामने आई है।

# नियम तोड़ने वालों के खिलाफ एक माह में 308 कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। बीते एक माह में ओवर स्पीड व ब्लेक फिल्म लगाकर कार चलाने वाले 308 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई तथा उन्हें नियमों का पालन करने समझाईश दी गई।

- ओवर स्पीड व ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाते मिले चालक
- दर्जनों कारों से ब्लैक फिल्म निकालकर चालकों को दी गई समझाइश

यातायात डीएसपी सतोंष जैन ने बताया कि यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीते एक माह में ओवर स्पीड व ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वाले तीन सौ से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ मोटर यान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई कर उन्हें यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दी गई। हाईवे में यातायात सेक्टर पेट्रोलिंग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। कार के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगा कर वाहन चलाने वाले वाहनों से ब्लैक फिल्म हटवाया जा रहा है तथा चालकों को नियम के तहत फिल्म लगाने कहा जा रहा है।

### दुर्घटना रोकने लगाया गया स्टॉपर

यातायात डीएसपी जैन ने बताया कि शहर के सबसे व्यस्तम शहीद पार्क चौक, चांदनी चौक, कोतवाली एवं कुम्हार पारा चौक की तरफ से आने वाले ट्रैफिक सीधे निकलने या मुड़ने की स्थिति में हमेशा एक्सीडेंट की संभावना बनी रहती है। इन मुख्य चौराहों में दुर्घटना से बचाव एवं सुगम यातायात बनाए रखने स्टॉपर लगा कर गोल सर्किल बनाया गया है ताकि आवागमन कर रहे वाहन चालक चौक पहुंचने से पहले सही दिशा की ओर टर्न कर सके और आपस में टकराने के कारण संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

# कामानार में व्यावसायिक परिसर का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

दरभा मंडल में ग्राम कामानार में व्यवसायिक परिसर का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने विधिवत लोकार्पण किया। ग्राम पंचायत कामानार में मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत लागत 08.96 लाख रुपए से व्यवसायिक परिसर का निर्माण कार्य किया गया। देव ने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना के तहत व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया गया। व्यवसायिक परिसर के निर्माण होने से पंचायत के लोगों को रोजगार सुनिश्चित होगा। दुकानों से पंचायत के लोगों को रोजगार मिलेगा। इस दौरान विधायक चित्रकूट विनायक गोयल,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानकदई कश्यप, उपाध्यक्ष हरि प्रसाद कश्यप, गागराराम नाग, संतोष बधेल, धमेंद्र ठाकुर, दिनेश पांडे, सीईओ वीरेंद्र बहादुर,एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।





